संसाधन समीक्षा

गतिविधि शीट- III : मानव-निर्मित ढाँचों के उपयोगों का अवलोकन करें

उद्देश्य :

आपने अपने घर या स्कूल के नज़दीक दीवारों, पक्के फ़र्शों, बाड़ों और फुटपाथों पर कुछ ग़ैर-मानव जीवन रूपों को देखा होगा। आपको क्या लगता है कि वे सीमेंट, लकड़ी, धातु, ईंटों और पत्थरों से बने इन ढाँचों का उपयोग किसलिए करते हैं? ये रहे कुछ उदाहरण जो हमने देखे हैं :



☐ **घरों के रूप में :**

किसी दीवार पर ततैया के छत्ते देखे हैं? आपके मुताबिक़ ये छत्ते किस चीज़ से बने होते होंगे।



☐ **छुपने या छद्मावरण के लिए :**

मकड़ियों, पतंगों, छिपकलियों या असैसिन बग (assassin bug) जैसे जीवों को छद्मावरण लेते देखा है?



☐ **चलने-फिरने के लिए :**

चींटियों, इल्लियों या छिपकलियों जैसे जीवों को चलते-फिरते देखा है? क्या आप उनकी तरह चल सकते हैं?

☐ **सहारे के लिए :**

घास, लताओं, काई और अंजीर के नन्हें पौधों को दरारों में से उगते देखा है?

इनमें से आपने क्या-क्या देखा है? बॉक्स में निशान लगाएँ। क्या आपने ऐसे और तरीक़े देखे हैं जिनसे कि ग़ैर-मानव जीवन रूप मानव-निर्मित संरचनाओं का उपयोग करते हों? अपनी नोटबुक में स्कैच बनाकर इन उपयोगों को दर्ज करें।

रचनाकार :

नेचर क्लासरूम्स ऐसे प्रकृति शिक्षा संसाधन विकसित करता है जो प्रिपरेटरी स्टेज पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) के पाठ्यक्रम के सीखने-सिखाने में सहयोग करते हैं। इसके अलावा यह स्कूली शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए प्रकृति से और प्रकृति के बारे में सीखने के लिए क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ आयोजित करता है। यह सामग्री नेचर क्लासरूम्स को CC BY-SA 4.0 के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त है। इस संसाधन को *आई वंडर...* के पाठकों के लिए संशोधित किया गया है और इसके अधिकार-धारकों की अनुमति से प्रकाशित किया गया है। आप नेचर क्लासरूम्स के और कामों को यहाँ https://www.natureclassrooms.org/ देख सकते हैं।

अनुवाद : भरत त्रिपाठी **पुनरीक्षण :** प्रतिका गुप्ता **कॉपी एडिटर :** अनुज उपाध्याय